आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 20.01.2021

भंडार विभाग ने जीता जीएम कप–2021 का फाइनल मुकाबला

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के आवासीय परिसर स्थित गोमती इंडोर स्टेडियम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव की उपस्थिति में जीएम कप अंतर विभागीय 7ए साईड़ (रात्रि) क्रिकेट प्रतियोगिता–2021 का फाइनल मुकाबला भंडार विभाग एवं इलेक्ट्रिकल प्रोडक्शन विभाग के बीच दिनांक 19.01.2021 को खेला गया।

भंडार विभाग की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 62 रन बनाये। भंडार विभाग की तरफ से नरेश कुमार ने कप्तानी पारी खेलते हुए 32 रन बनाये। इलेक्ट्रिकल प्रोडक्शन विभाग की टीम बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट खोकर 51 रन ही बना पाई। इलेक्ट्रिकल प्रोडक्शन की तरफ से मनमोहन ने सर्वाधिक 24 रन बनाये। इस फाइनल मैच में भण्डार विभाग ने 11 रनों के अंतर से इलेक्ट्रिकल प्रोडक्शन को हराकर जीएम कप जीता।

महाप्रबंधक श्री विनय मोहन श्रीवास्तव ने विजेता टीम को कप व नकद पुरस्कार 10,000 एवं उप विजेता टीम को रनर कप व नकद पुरस्कार 5,000 प्रदान किये।

यह प्रतियोगिता आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के खेल–कूद संघ द्वारा आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में एमसीएफ, रायबरेली के विभिन्न विभागों के 16 टीम के लगभग 112 कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 29 मैच खेले गये ज़िसे विभिन्न पूलों में विभाजित किया गया था।

एमसीएफ, रायबरेली कोचों के उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी के साथ–साथ कर्मचारियों के मनोरंजन व स्वास्थ्य के लिए भी इस तरह के प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। जिससे आरेडिका में रहने वाले कर्मचारियों एवं बच्चों के स्वास्थ्य व खेल–कूद में अभिरुचि को बढ़ावा मिले और उनका स्वास्थ्य बेहतर हो।

इस अवसर पर पीसीएमई श्री विवेक कुमार, पीसीएमएम सह खेल–कूद संघ प्रेसिडेंट श्री पी.एन.पाण्डे, सीएओ श्री बीरेन्द्र मुन्दुईया एवं खेल–कूद संघ महासचिव श्री संजय कुमार कटियार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

20/01/2021

(वी.के.दुबे)
मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी